**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

(Name) ______________________

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—0909**

**PAPER—III**

# EDUCATION

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **40** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**

# EDUCATION

# शिक्षा

## PAPER—III

## प्रश्न-पत्र—III

**NOTE :** **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.**

**नोट :** **यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड हैं। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।**

## SECTION - I
## खण्ड – I

**Note :** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks. **(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंको का है। **(5x5=25 अंक)**

**Read the passage and answer questions (1 to 5) :**

In the quest for development of a Nation, primary education is absolutely essential because it creates the base . But higher education is just as important , for it provides the cutting edge. These can be no doubt that higher education has made a significant contribution to economic development, social progress and political democracy in Independent India. It is a source of dynamism for the economy. It has created social opportunities for people , fostered the vibrant democracy in our polity, provided a beginning for the creation of a knowledge society. At the same time, it has weaknesses also that are a cause for serious concern.

There is, in fact, a quiet crisis in higher education in India that runs deep. It is not yet discernible simply because there are pockets of excellence, an enormous reservoir of latented young people and an intense competition in the admissions process. The reality is that we have miles to go. The proportion of our population, in the age group 18-24, that enters the world of higher education is around 7%, which is only one-half the average for Asia. The opportunities for higher education, in terms of the number of places in universities, are simply not enough in relation to our needs. The quality of higher education in most of our universities requires substantial improvement.

It is clear that the system of higher education in India faces serious challenges. It needs a systematic overhaul, so that we can educate much larger numbers without diluting academic standards. It needs a massive expansion of opportunities for higher education, to 1500 universities nationwide, that would enable India to attain a gross enrolment ratio of at least 15% by 2015. It is very important to raise the average quality of higher education in every sphere and also to create institutions that are exemplars of excellence at par with the best in the world. In the pursuit of these objectives, providing people with access to higher education in a socially inclusive manner is imperative.

We recognize that a meaningful reform of the higher education system, with a long-term perspective is both complex and difficult yet, it is imperative. And we would suggest the following building blocks in this endeavour

(i) To reform existing public universities and undergraduate colleges

(ii) To overhaul the entire regulatory structure governing higher education

(iii) Every possible source of financing investment in higher education needs to be explored

(iv) To think about pro-active strategies for enhancement of quality in higher education

(v) To create new institutions in the form of National universities that would become role models as centres of academic excellence

(vi) The higher education system must be so designed that it provides access to marginalized and excluded groups.

**निम्न गद्यांश को पढ़े तथा दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखें। (1 से 5)**

एक राष्ट्र के विकास की खोज में, प्राथमिक शिक्षा नितान्त अनिवार्य है क्योंकि यह आधार का निर्माण करती है। परन्तु उच्च शिक्षा भी इसी प्रकार आवश्यक है, क्योंकि इससे विभाजक धार प्राप्त होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि स्वतन्त्र भारत में उच्च शिक्षा ने आर्थिक विकास, सामाजिक उन्नति और राजनीतिक प्रजातंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अर्थ–व्यवस्था के लिए गतिशीलता का स्रोत है। इसने लोगों के लिए सामाजिक अवसर जुटाये हैं, हमारे राज्यतंत्र में स्पन्दनशील लोकतन्त्र को बढावा दिया है और ज्ञानवान समाज के निर्माण का प्रारम्भ किया है। इसके साथ साथ इस में दुर्बलताएं भी हैं जो गम्भीर चिन्ता का विषय हैं।

वास्तव में भारत की उच्च शिक्षा में एक मूल संकट है जिसकी जड़े गहरी हैं। यह केवल इसलिए दृष्टिगोचर नहीं होता है, क्योंकि यहां श्रेष्ठता के कुछ क्षेत्र, प्रतिभाशील युवा लोगों का विपुल भण्डार और दाखिल प्रक्रिया में भारी स्पर्धा रहती है। वास्तविकता यह है कि हमें अभी मीलों चलना है। हमारी जनसंख्या का अनुपात जो 18-24 के आयु वर्ग में हैं और जो उच्च शिक्षा के संसार में प्रवेश करते हैं लगभग 7% है। यह एशिया की औसत केवल आधी बैठती है। यूनिवर्सिटियों में सीटों की गिनती की दृष्टि से, वे हमारी आवश्यकताओं को देखते हुए बिल्कुल पर्याप्त नही है। हमारी बहुत सी यूनिवर्सिटियों मे उच्च शिक्षा में भारी सुधार की आवश्यकता है।

यह स्पष्ट है कि भारत मे उच्च शिक्षा के समक्ष गम्भीर चुनौतियां हैं। इसे व्यवस्थित कायापलट की आवश्यकता है ताकि हम अब से बहुत अधिक लोगों को अकादमिक मापों को कम करने के बिना शिक्षित कर सकें। उच्च शिक्षा के अवसरों के लिए भारी प्रसार की आवश्यकता है, इसके लिए राष्ट्र–भर में 1500 यूनिवर्सिटियां होनी चाहिए।

इस से भारत 2015 तक कुल दाखिले का कम से कम 15 प्रतिशत तक पहुंच पायेगा। उच्च शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र में औसत गुणवत्ता को बढ़ाना बहुत महत्त्वपूर्ण है और ऐसी संस्थाएं बनानी होगी जो श्रेष्ठता का उदाहरण हो और विश्व की सर्वोत्तम संस्थाओं के समकक्ष हों। इन उद्देश्यों का अनुसरण करते हुए, यह आवश्यक है कि उच्च शिक्षा तक लोगों, जिन में समाज का प्रत्येक वर्ग शामिल हो, पहुंच को संभव बनाया जाए।

हमें ज्ञात है कि उच्च शिक्षा प्रणाली में, एक दीर्घ–काली परीदृश्य से, सार्थक सुधार करना कठिन एवं जटिल है। फिर भी यह अनिवार्य है। इस उद्यम में हम निम्नलिखित निर्माण खण्डों का सुझाव देंगे –

(i) वर्त्तमान पब्लिक यूनिवर्सिटियों और पूर्व–स्नातक कालेजों का सुधार करना,

(ii) समुचे विनियामक ढांचे, जो उच्च शिक्षा का प्रबन्ध निकाय है, का आमूल परिवर्तन,

(iii) उच्च शिक्षा में वित्तीय निवेश के प्रत्येक स्रोत की खोज करने की आवश्यकता ,

(iv) उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि के लिए प्रभावी रणनीतियों के बारे में विचार,

(v) राष्ट्रीय यूनिवर्सिटियों के रूप में नव संस्थानो का निर्माण किया जाए जो कि अकादमिक श्रेष्ठता के आदर्श केन्द्रों की भूमिका निभायेंगे,

(vi) और उच्च शिक्षा प्रणाली को ऐसे बनाया जाए जिससे सीमान्त और छूटे वर्गो को शिक्षा मिल सके।

**1.** What are the contributions of higher education in the development of Indian society ?
भारतीय समाज के विकास में उच्च शिक्षा का क्या योगदान है ?

2. Discuss the serious challenges and crisis faced by higher education system in India today.

आज भारत की उच्च शिक्षा के समक्ष जो गम्भीर चुनौतियां एवं संकट हैं, उनकी चर्चा कीजिए।

3. Point out the reforms suggested to improve the access and quality of higher education.

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षा–प्राप्ति (Access) में सुधार लाने के लिए लेखक ने क्या सुझाव दिये है ?

**4.** Elucidate the need for higher education as enunciated in this paragraph.

इस गद्यांश में प्रतिपादित उच्च शिक्षा की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए।

**5.** Suggest a suitable title to this paragraph in not more than 06 words.

इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए जो 06 शब्दों से अधिक न हों।

## SECTION - II
## खण्ड – II

**Note :** This section contains fifteen (15) questions numbered 6 to 20 each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पाँच-पाँच (5-5) अंकों के पंद्रह (15) प्रश्न हैं, जिनके क्रमांक 6 से 20 हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है।

**(5x15=75 अंक)**

**6.** Give a very brief account of curriculum in the Gandhian scheme of education.

गांधीजी की शिक्षा पद्धती में पाठचर्या का संक्षिप्त विवरण लिखिये।

7. Give a brief account of the method of teaching envisaged by Rabindranath Tagore.

श्री रवीन्द्रनाथ टैगोर के दृष्टिकोण के अनुसार शिक्षण की पद्धतियों का संक्षिप्त विवरण दिजिये।

8. List the Endogenous and Exogenous factors influencing social change and give one example of each.

सामाजिक परिवर्तन के लिये असरकर्ता अंतर्गत और बहिर्गत कारकों की सूचि लिखें। प्रत्येक का एक उदाहरण दीजिये।

9. Define 'social equality ' and 'social equity 'and give one example of each.
'सामाजिक समानता' और 'सामाजिक साम्य' की परिभाषा लिखे, प्रत्येक के लिये एक उदाहरण दिजिये।

10. Define Personality. Discuss the significance of Kohlberg's theory of Moral Development.
व्यक्तित्व की परिभाषा दीजिये। कोहलबर्ग के नैतिक विकास के सिद्धांत के महत्व की चर्चा कीजिए।

11. Describe the areas of differences found among the children of a classroom. What provisions could be made in the school to handle individual differences ?

वर्ग कक्षा में बच्चों में पाई गई भिन्नता के क्षेत्रों की चर्चा करें। व्यक्तिगत भिन्नता से निपटने के लिये शाला में कौनसे प्रावधान उपयोग में लिये जा सकते है।

12. Discuss with example the concept of 'Latent - Learning' as given by Tolman.

टॉलमेन द्वारा बताइ गई 'गर्भित अभिगम' के संप्रत्यय की उदाहरण सहित चर्चा कीजिये।

**13.** " Gagnē's Taxonomy of learning outcomes appear to incorporate all the levels of Bloom's Taxonomy." How far do you agree with the statement ? Support your answer with examples.

"ऐसा प्रतीत होता है कि गाएने द्वारा किये गऐ अधिगम प्रतिफल के वर्गीकरण मे बलूम वर्गीकरण के सभी स्तर सम्मलित है"। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**14.** What are the two methods of 'Adjustment' adopted by persons with behavioural problems? Discuss any one of them.

व्यावहारिक समस्यावाले व्यक्तिओं द्वारा कौनसी दो "समायोजन" की पद्धतियाँ उपयोग में ली जाती है। कोई एक पद्धति की स्पष्टता किजिये।

15. Define hypothesis. List the characteristics of a good hypothesis.
परिकल्पना की परिभाषा दीजिए। एक अच्छी परिकल्पना की विशेषतायें लिखिये।

16. Define a 'population' and a 'sample'. Describe the characteristics of a good sample.
समष्टि तथा न्यादर्श की परिभाषायें दीजिए। एक अच्छे न्यादर्श की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

17. Point out the differences between India and Australia in Distance Education.

दूर शिक्षा के क्षेत्र में भारत तथा आस्ट्रेलिया में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

18. Discuss vocationalization of education in USA.

यू.एस.ए. में शिक्षा के व्यवसायीकरण की चर्चा कीजिए।

**19.** Discuss the relevance of different types of tests in guidance and counselling

निदेशन तथा परामर्श मे विभिन्न प्रकार के परीक्षणों की प्रासंगिकता की चर्चा कीजिए।

**20.** What kind of guidance services are provided at school level ? Give examples.

विद्यालय स्तर पर किस प्रकार की निदेशन सेवायें प्रदान की जाती हैं। उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

## SECTION - III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains five (5) questions from each of the electives / specialisations. The candidate has to choose <u>only one</u> elective / specialisation and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words. (Questions 21 to 25)

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से पाँच (5) प्रश्न हैं। अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से पाँचो प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न बारह (12) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है। (प्रश्न 21 से 25)

**(12x5=60 अंक)**

### Elective - I

### ऐच्छिक – I

**21.** Write the main characteristics of Bureaucratic Approach to educational administration and highlight its merits and demerits.

शैक्षिक प्रशासन अधिकारशाही अभिगम की प्रमुख विशेषता बताकर उनके गुणदोषों पर प्रकाश डालें।

**22.** Discuss the 'human relations' approach to educational administration under the following headings:

(a) Basic values and principles

(b) Hindrances faced in using the approach

निम्न शीर्षकों के तहत शैक्षिक प्रशासन की 'मानवतावादी सम्बन्ध' अभिगम की चर्चा कीजिए।

(a) आधारभूत् मूल्य तथा सिद्धान्त

(b) अभिगम के उपयोग में रूकावटें।

**23.** Can we measure leadership ? Discuss three tools and methods of measuring educational leadership style or behaviour.

क्या हम नेतृत्व का मापन कर सकते हैं? शैक्षिक नेतृत्व की शैली या व्यवहार के मापन की तीन विधियों तथा संम्बंद्ध संयन्त्रों का वर्णन कीजिए।

**24.** Explain 'Manpower Approach' to educational 'Planning vs 'Social Demand' Approach. Discuss them with examples.

शैक्षिक नियोजन की 'मानव-शक्ति' अभिगम को 'सामाजिक माँग' अभिगम के सापेक्ष स्पष्ट कीजिए। उनका उदाहरण सहित विवरण किजिए।

**25.** Discuss the relevant qualities and skills of an educational supervisor. Who can make the supervisory programme effective and purposeful.

एक ऐसे शैक्षिक पर्यवेक्षक की गुणों की व्याख्या कीजिए। जो पर्यवेक्षण कार्यो को प्रभावी तथा उदेश्यपूर्ण बना सके।

**OR / अथवा**

**Elective - II**

**ऐच्छिक – II**

**21.** What are norms ? How are different types of norms established ? Explain with examples.

मानक क्या है ? विभिन्न प्रकार के मानकों का निर्धारण कैसे होता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

**22.** Explain Likerts method of scaling in the context of measurement of attitude.

अभिवृति मापन के सन्दर्भ के लिकर्ट की मापनीकरण विधि का वर्णन कीजिए।

**23.** Discuss the merits and demerits of grading system in examinations and discuss how it is an improvement over the traditional numerical system.

परीक्षा प्रणाली में 'ग्रेडिंग विधि' के गुण तथा दोषों का वर्णन कीजिए तथा यह भी समजाइये कि यह परम्परागत अंकन प्रणाली से किस प्रकार सुधारात्मक है।

**24.** Define validity. Explain how different types of validity are established. Give examples.

वैधता की परिभाषा दीजिए। यह स्पष्ट कीजिए कि विभिन्न प्रकार की वैधता को किस प्रकार निर्धारित किया जाता है।

**25.** Differentiate among questionnaire, schedule and inventory with reference to their purposes and applications.

प्रश्नावली, सारिणी तथा अन्वेषिका में उद्देश्यों तथा उपयोगों के सन्दर्भ में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

## Elective - III

## ऐच्छिक – III

**21.** Explain the meaning and significance of Multimedia approach in Educational Technology.

शैक्षिक प्रोधौगिकी में बहुमाध्यम संचार अभिगम का अर्थ तथा महत्व समझाइये।

**22.** What are the barriers of communication ? How do you overcome them in the classroom?

संचार प्रक्रिया में कौन कौन सी बाधायें हैं ? कक्षा में इन्हें किस प्रकार काबू पाया जा सकता है ?

**23.** What is programmed instruction ? Discuss with reasons its success/failure in the field of Indian Education.

अभिक्रमित शिक्षण क्या हैं ? भारतीय शिक्षा में इसकी सफलता अथवा असफलता की चर्चा उचित कारणों सहित कीजिए।

**24.** Point out the differences among Teaching, Instruction and Training with the help of examples.

उदाहरणों सहित शिक्षण, अनुदेशन तथा प्रशिक्षण में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**25.** What are student support services in Distance Education ? Discuss their effectiveness in the present context.

दूर शिक्षा में छात्र-समर्थन सेवाऐं क्या-क्या हैं ? वर्तमान सन्दर्भ में उनकी प्रभावशीलता की चर्चा कीजिए।

**OR / अथवा**

## Elective - IV

## ऐच्छिक – IV

**21.** Discuss the concept and objectives of 'Special Education' programme in India.

भारत में विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रमों की अवधारणा तथा उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।

**22.** How will you identify a mentally retarded child in your locality ? What enrichment programme will you suggest for his/her education.

अपने पड़ोस में आप मानसिक रूप से पिछड़े बालक की पहचान किस प्रकार करेंगे। उसकी शिक्षा के लिए आप कौन कौन से उत्तम कार्यक्रमों का सुझाव देंगे।

**23.** Define visual impairment. Mention the characteristics of visually impaired children.

दृष्टि बाधिता की परिभाषा दीजिए। दृष्टि बाधित बच्चों की विशेषतायें लिखिये।

24. "A gifted child need not necessarily posses a very high Intelligence Quotient". How far do you agree with the statement ? Give the characteristics of gifted children.

''प्रतिभाशाली बालक की बुद्धिलब्धि उच्च होना आवश्यक नहीं है।'' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? प्रतिभाशाली बच्चों की विशेताऐं से लिखिये।

25. Define Learning Disability. Discuss the testing devices used as diagnostic measures for identification of children with Learning Disability.

अधिगम अयोग्यता की परिभाषा दीजिए। इस प्रकार के बच्चों की पहचान करने में प्रयुक्त निदानात्मक यन्त्रों तथा परीक्षण साधनों की चर्चा कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - V**

**ऐच्छिक – V**

21. What are the recommendations of Kothari Commission on Teacher Education ?

अध्यापक शिक्षा के सन्दर्भ में कोठारी आयोग की क्या क्या संस्तुतियाँ हैं ?

22. Distinguish between the aims and objectives of teacher education at elementary and secondary level.

प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के लिये अध्यापक शिक्षा के ध्येय तथा उद्देश्यों मे अन्तर स्पष्ट करें।

23. What are the salient proposals of National Policy on Education 1986 on Teacher Education ?

अध्यापक शिक्षा पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के विशेष प्रस्ताव क्या-क्या हैं ?

24. Briefly explain the latest trends and innovations in teacher education curriculum.

अध्यापक शिक्षा पाठचर्या में नवीनतम रूझानों तथा नवाचारों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।

25. What are the problems and limitations for preparing teachers for special schools ?

विशिष्ट विद्यालयों के लिए शिक्षक तैयार करने में कौन कौन सी बाधायें तथा सीमायें हैं ?

## SECTION - IV
## खण्ड – IV

**Note :** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any one of the following topics.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में एक चालीस (40) अंको का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**26.** Discuss the challenges of education in India in the context of Globalisation keeping in view the different levels of education i.e. elementary, secondary, higher, professional and technical.

शिक्षा के विभिन्न स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, व्यवसायिक तथा तकनीकी, को ध्यान में रखते हुए वैश्वीकरण के संदर्भ में भारतीय शिक्षा की चुनौतियों का वर्णन कीजिए।

**OR / अथवा**

Critically analyse the constitutional provisions for women education and their implementation leading to women empowerment in India :

महिला सशक्तिकरण हेतु नारी शिक्षा के लिए संवैधानिक प्रावधानों का समालोचनात्मक विष्लेशण कीजिए।

**OR / अथवा**

Discuss the thrust areas of educational research and their implications for the improvement of :

(a) Examination system
(b) Teacher education programme
(c) Educational management practices

शैक्षिक अनुसन्धान के मुख्य क्षेत्र तथा निम्न में सुधार के लिए उनके निहितार्थो की चर्चा कीजिए।

(a) परीक्षा प्रणाली
(b) अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम
(c) शैक्षिक प्रबन्धन क्रियायें

| FOR OFFICE USE ONLY | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks Obtained | | | | | | | |
| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ...............................

(Evaluation) Date .............................